अधिन्यास - लौह पुरुष (2017 - 18)

कक्षा - पाँचवीं

विषय - हिंदी

नाम - ----------------------- विभाग - -------------- अनुक्रमांक - ---------------

प्रश्न 1 - निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

शिक्षा व्यक्ति और समाज दोनों के विकास के लिए अनिवार्य है । अज्ञान के अंधकार में जीना तो मृत्यु से भी अधिक कष्टकर है । ज्ञान के प्रकाश से ही जीवन के रहस्य खुलते है और हमें अपनी पहचान मिलती है । शिक्षा मनुष्य को मस्तिष्क का उचित प्रयोग करना सिखाती है । वह शिक्षा जो मानव को पाठ्यपुस्तकों के ज्ञान के अतिरिक्त कुछ गम्भीर चिन्तन न दे , व्यर्थ है। यदि हमारी शिक्षा हमें सभ्य और अच्छे नागरिक नहीं बना सकती , तो उससे क्या लाभ ? सहृदय , सच्चा , परन्तु अनपढ़ मज़दूर उस पढ़े-लिखे इन्सान से कहीं अच्छा है जो निर्दय और चरित्रहीन है । संसार के सभी वैभव ,सुख-साधन भी मनुष्य को तब तक सुखी नहीं बना सकते जब तक कि मनुष्य को आत्मिक ज्ञान न हो ।

(क) शिक्षा किसके लिए अनिवार्य है ?

(ख) शिक्षा क्या सिखाती है ?

(ग) सच्चे और अनपढ़ मज़दूर को लेखक ने किससे श्रेष्ठ कहा है ?

(घ) जीवन में सबसे ज्यादा क्या करने से आपको ख़ुशी महसूस होती है ?

प्रश्न 2 - नीचे दिए गए शब्दों उचित स्थान पर लिखिए ।



लालकिला , बच्चा , घर , महात्मा गाँधी , पाठशाला , माँ ,

शिक्षक , भारत , गंगा नदी , मैदान , वृन्दावन , राम

व्यक्तिवाचक संज्ञा---

जातिवाचक संज्ञा ---

प्रश्न 3 - निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार या अनुनासिक लगाइए ।

जाच , कगन , जग , महगा , कविताए , परतत्र , जाऊगा , सबधी

प्रश्न 4 - निम्नलिखित वाक्यों को सर्वनाम शब्दों से पूर्ण कीजिए ।

(क) ------------ बहुत सुंदर घर है ।

(ख) उसने अपना काम ----------- पूरा किया ।

(ग) अध्यापिका जी को ----------- धन्यवाद कहा ।

प्रश्न 5 - नीचे दिए गए अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द लिखिए ।

(क) सप्ताह में एक बार होने वाला - -------------------------

(ख) एक माह में होने वाला - ------------------------------

(ग) वर्ष में एक बार होने वाला - -------------------------

प्रश्न 6 - जीवन मूल्यों का वर्णन करते हुए स्पष्ट कीजिए कि यह हमारे किए क्यों अनिवार्य हैं ?